Regarding construction of New Rail Line from Varanasi to Satna

श्री जनार्दन मिश्रा (रीवा): धन्यवाद महोदया, मैं आपका ध्यान हमारे रीवा संसदीय क्षेत्र सिंगरौली के रीवा-मिर्जापुर वाया हनुमना रेल मार्ग की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं । हमारा यह क्षेत्र बहुत पिछड़ा और रेल सुविधाओं से वंचित क्षेत्र है इसके लिए रीवा से मिर्जापुर वाया सिंगरौली रेलवे लाइन का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है । डीपीआर बनाने की मांग की जा रही है । यह बहुत महत्वपूर्ण रेलवे लाइन है इसमें सिंगरौली, सतना, रीवा के बीच बहुत बड़े-बड़े सीमेंट प्लांट हैं, पावर हब्स हैं । बनारस और मिर्जापुर के लोग इलाहाबाद होकर आगे बढ़ते हैं । अगर यह रेल लाइन तैयार हो जाए तो सीधे बनारस, मिर्जापुर और रीवा होकर सतना को काँटैक्ट करेगी । अत: मेरा रेल मंत्री महोदय से आग्रह है कि इस रेलवे लाइन के लिए बजट आवंटन किया जाए और रीवा से मिर्जापुर वाया रेलवे लाइन का निर्माण कराया जाए ।